सीधी : अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस पर स्थानीय लोगों ने किया हमला, 4 गिरफ्तार

रेत कारोबारियों ने पुलिस पर हमला कर छुड़ाए ट्रैक्टर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सीधी. जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के ग्राम बाघड़ में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने बीच सड़क पर बिना नंबर की कार अड़ाकर पुलिस का रास्ता रोका। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ और मारपीट की तथा जब्त किए दोनों ट्रैक्टरों को छुड़ाकर फरार हो गए।

इस घटना में पुलिस ने सहायक उपनिरीक्षक की शिकायत पर 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम समेत

कार अड़ाकर, डंडों से किया हमला



विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक ट्रैक्टर भी जब्त किया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ग्राम बाघड़ में मोहित बैस के घर के सामने जब पुलिस टीम ट्रैक्टर लेकर पहुंची, तभी आरोपी मोहित बैस ने अपनी काली रंग की बिना नंबर की कार बीच सड़क पर खड़ी कर रास्ता रोक लिया। इसके तुरंत बाद शिवपाल बैस, रामपाल बैस, शिवम बैस और रोहित बैस समेत अन्य आरोपी हाथों में डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर छुड़ाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर भाग निकले।

इन आरोपियों पर केस दर्ज

पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर 15 आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपियों में मोहित बैस, शिवपाल बैस, रामपाल बैस, शिवम बैस, रोहित बैस, जगदीश बैस, आकाश बैस, बेटू बैस, कमलेश बैस, रामनारायण बैस, दिनेश बैस, दिनकर बैस, लालभाई बैस, प्रदीप बैस और बब्लू बैस शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम बाघड़ के निवासी हैं। अवैध रेत उत्खनन और पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), एससी-एसटी एक्ट, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, खान एवं खनिज अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत 24 अलग-अलग धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस टीम पर हमला कर अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त ट्रैक्टर छुड़ाने वाले 15 आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। शेष फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।
-अभिषेक उपाध्याय, नगर निरीक्षक, रामपुर नैकिन

स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन से ट्रक चालकों ने सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण की मांग

ट्रक चालकों की हड़ताल से सतना-मैहर बायपास से सज्जनपुर तक जाम, स्कूल वाहन व एंबुलेंस भी फंसी

सतना @ पत्रिका. स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का असर शुक्रवार को सतना की सड़कों पर दिखाई दिया। ट्रक चालकों की हड़ताल से सतना-मैहर बायपास तिराहे से सज्जनपुर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह करीब 9 बजे प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर वाहनों को रोक दिया। जिसमें ट्रक, स्कूल और निजी वाहनों के साथ एंबुलेंस भी जाम में फंस गईं। वहीं रीवा की ओर जाने वाले कुछ वाहन नई बस्ती मार्ग से निकले, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को रोक दिया। सूचना पर कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाकर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका।



चार हजार ट्रकों के पहिए थमे

सतना और मैहर में करीब चार हजार ट्रक माल ढुलाई में लगे हैं। इनके पहिए थमने से किराना, राशन, लोहा, सीमेंट और खनिज की आवाजाही प्रभावित हो रही है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के मुताबिक चालकों ने अपने स्तर पर आंदोलन शुरू किया है, जिसके चलते ट्रांसपोर्टरों के ट्रक भी खड़े हो गए हैं। इसका असर आने वाले दिनों में बाजार की आपूर्ति व्यवस्था पर दिखाई दे सकता है। प्रदर्शनकारी हरीशंकर शर्मा, संतोष यादव और राकेश रजक का कहना है कि चालक दिन-रात लंबी दूरी तक वाहन चलाकर देश की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, लेकिन दुर्घटना में मौत होने पर परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है । चालकों ने सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक संरक्षण की मांग उठाई है।

ग्वालियर : पिंटो पार्क इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ हादसा

ऑक्सीजन टैंकर में भीषण विस्फोट, धमाके से कई घरों में आईं दरारें



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

ग्वालियर. पिंटो पार्क स्थित कक्का विहार कॉलोनी में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे ऑक्सीजन टैंकर में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के पेड़ जड़ से उखड़ गए, एक कारखाने की दीवार ढह गई और कॉलोनी के दर्जनों मकानों में दरारें आ गईं। घरों की खिड़कियों के कांच टूट गए। टैंकर के टुकड़े 20 से 25 मीटर दूर तक जा गिरे। गनीमत रही कि हादसे से महज 20 मिनट पहले ही पास के स्कूल की छुट्टी हुई थी और चार स्कूली वाहन भी बच्चों को लेकर जा चुके थे। अगर धमाका कुछ देर पहले हुआ होता तो मंजर और भयावह हो सकता था।

बताया जाता है कि टैंकर क्रमांक एमपी 07 एचबी 7404 ऑक्सीजन प्लांट के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। पहले टैंकर से गैस का रिसाव हुआ और कुछ देर बाद विस्फोट हो गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री का भी शहर में दौरा था। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने का दावा कर रही थी, लेकिन रिहायशी इलाके में खड़े टैंकर की सुरक्षा और निगरानी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

देवास : टीआइ पुरी हत्याकांड में था फरार आरोपी

कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा शराब कारोबारी, एसआइटी ने दबोचा

देवास/खातेगांव @ पत्रिका. टीआइ दिलीप पुरी हत्याकांड में फरार शराब कारोबारी पाटेंद्र जायसवाल को एसआइटी ने देवास न्यायालय के बाहर से हिरासत में ले लिया। वह वकील के माध्यम से न्यायालय में समर्पण करने पहुंचा था, लेकिन राहत नहीं मिलने पर बाहर आते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पाटेंद्र बड़वानी का निवासी है और टिमरनी की शराब दुकानों का लाइसेंस उसके नाम पर था। इन दुकानों का संचालन राहुल, मनीष और मोहिन जायसवाल कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, पाटेंद्र की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड में अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि आरोपी मोहिन जायसवाल की ब्रेन स्ट्रोक से मौत हो चुकी है। शुक्रवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर विजय राव को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कन्नौद एएसपी सौम्या जैन के अनुसार, एसआइटी की एक टीम गजेंद्र, क्लीनर और केरम सिंह को लेकर आलीराजपुर पहुंची है। दूसरी टीम मनीष को लेकर अहमदाबाद गई है, जहां मोहिन के घर और कार्यालय से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। वहीं, राहुल जायसवाल से भी पूछताछ और तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 1 और 2 नवंबर की दरमियानी रात अवैध शराब से भरे ट्रक को रोकने के दौरान चालक ने खातेगांव टीआइ दिलीप पुरी गोस्वामी को कुचल दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना में एक आरक्षक भी घायल हुआ था। ट्रक की तलाश में बड़ी मात्रा में अवैध शराब मिली थी।



आरोपी पाटेंद्र जायसवाल

कपास से भरा ट्रक बिजली के खंभे से टकराया, लगी आग



शिवपुरी. जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र में झांसी कोटा हाईवे पर सुजवाया तिराहे के पास कपास से भरे ट्रक में आग भड़क गई। बताया जाता है कि एक गाय को बचाने में ट्रक बिजली के खंभे से टकराया था जिससे उसमें आग लगी। घटना की सूचना मिलने पर शिवपुरी से दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाई। ट्रक राजस्थान के विजयनगर से कपास की गठानें भरकर महाराष्ट्र के अमरावती जा रहा था। हादसे में वाहन चालक व क्लीनर को कोई चोट नहीं आई है।

खाद्य एवं औषधि विभाग ने की 7 जनरल स्टोर की जांच

नर्मदापुरम के बाजार में बिक रही पाकिस्तानी क्रीम, 2 बॉक्स जब्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नर्मदापुरम. पाकिस्तान ने हमारे कॉस्मेटिक बाजार में गुपचुप घुसपैठ कर ली है। घुसपैठ इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के साथ व्यापार बंद कर दिया है लेकिन कॉस्मेटिक बाजार में मेड इन पाकिस्तान की फेयरनेस क्रीम सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर 400 से 600 रुपए में बिक रही है। सूचना मिलते ही कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 7 जनरल स्टोरों की जांच की। इसमें मेड इन पाकिस्तान की दो बॉक्स गौरी क्रीम जब्त की गई है। क्रीम कहां से खरीदी है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। औषधि निरीक्षक ईशा के नेतृत्व में टीम ने सतरास्ता, मुखर्जी कॉम्प्लेक्स सहित अन्य स्थानों पर स्थित जनरल स्टोर पर जांच अभियान चलाया गया। दुकानों पर मिलने वाली फेयरनेस क्रीम की जानकारी ली। इस दौरान ज्योति जनरल स्टोर के पास से दो बॉक्स पाकिस्तानी गौरी क्रीम जब्त की गई है। दुकानदार के पास क्रीम खरीदी का बिल आदि नहीं मिला है। क्रीम में मिले रसायनों जांच करने के लिए औषधि प्रशासन प्रयोगशाला की रिपोर्ट बुलवा रहा है।

टिमरनी-रहटगांव शराब दुकानों का संचालन आबकारी विभाग संभालेगा

हरदा/टिमरनी @ पत्रिका. टिमरनी और रहटगांव स्थित शराब दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी अब आबकारी विभाग संभालेगा। यह व्यवस्था तब तक जारी रहेगी, जब तक इन दुकानों के लिए नए सिरे से निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत, आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकानों का प्रभार संभाला। आगामी नीलामी प्रक्रिया पूरी होने तक राजस्व की हानि रोकने और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभागीय अमले द्वारा ही इन दुकानों की निगरानी और बिक्री व्यवस्था देखी जाएगी।

छतरपुर : विरोध की रैली से पहले सामने आए समर्थक

भगवान कृष्ण का अपमान बर्दाश्त नहीं; यादव महासभा का प्रदर्शन, कई हिरासत में

छतरपुर @ पत्रिका. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को लेकर दिए गए कथित बयान पर शुरू हुआ विवाद शुक्र वार को सड़कों पर आ गया। इसके विरोध में यादव महासभा के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर रेलवे स्टेशन पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, धाम के समर्थक लाठी-डंडे लेकर मैदान में उतर आए और हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। दोनों पक्षों के टकराव की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।ज्ञात हो कि यादव महासभा ने 13 नवंबर को बागेश्वर धाम पहुंचकर विरोध दर्ज



कराने का ऐलान किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में करीब 200 कार्यकर्ता छतरपुर स्टेशन पर जुटे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण उनके आराध्य हैं और उनका अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव ने कहा, धीरेंद्र शास्त्री को सही राह दिखाने आए हैं। समाज की मांग है कि वे सार्वजनिक मंच से माफी मांगें।

वाहन के ब्रेक लगाते ही स्कूल वैन में घुसे लोहे के पाइप, 2 छात्र घायल

जबलपुर @ पत्रिका. कोतवाली थाना क्षेत्र की पंजाब बैंक कॉलोनी के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। लोहे के पाइप लोड कर जा रहे लोडिंग वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे वाहन में रखे पाइप खिसककर सामने चल रही स्कूल वैन का पिछला कांच तोड़ते हुए अंदर जा घुसे। हादसे में 2 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। दमोह नाका निवासी सुनील शर्मा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को रोजाना की तरह तैय्यब अली स्थित स्कूल से छात्र-छात्राओं को लेकर उन्हें घर छोड़ने जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे पंजाब बैंक कॉलोनी के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार लोडिंग वाहन आया।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहां सेवा ही जीवन- ध्येय है
क्षेत्रीय कार्यालय: द्वितीय तल, भारतीय स्टेट बैंक के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042
फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
QR CODE FOR SERVICE PROVIDER

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए ''जैसा है जहाँ है, जिस स्थिति में है और जो कुछ भी वहाँ मौजूद है'' बेचने का अधिकार है। बिक्री https://www.Baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

अचल संपत्ति का विवरण

क्र. सं.	शाखा / खाते / ऋणी / जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	Qr Code For Property Image/video	Qr Code For Property Location	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि (रु.) +भविष्य में देय ब्याज एवं अन्य खर्च
	पीवाय रोड शाखा, इंदौर फोन : 0731-2340490, प्राधिकृत अधिकारी : नबा गोपाल सामल, 9039170111					
1.	ऋणी- श्री रविन्द्र सोलंकी पुत्र मदनलाल एवं श्रीमती भगवती सोलंकी पत्नि श्री रविन्द्र सोलंकी	संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित प्लाट नं. 68 बी, सिटी एवं कस्बा - गिरनार सिटी, ग्राम- छोटा बांगदड़ा, इंदौर जिला- इंदौर चतुर्सीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 869, दक्षिण- रोड, पूर्व- प्लाट बी-87, पश्चिम- प्लाट बी-76 कब्जे का प्रकार - सांकेतिक			₹ 86,70,000/- ₹ 8,67,000/- ₹ 86,700/-	दिनांक : 30.12.2025 ₹ 62,05,548.99 +ब्याज एवं अन्य खर्च

संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय : 26.11.2026 (सुबह 10.00 से दोपहर 3.00 बजे तक)
ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की दिनांक 27.11.2026 शाम 6.00 बजे तक

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल अर्थात www.Baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।
खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है:, खाते का नाम-एनईएफटी पार्किंग खाता; खाता संख्या-80215040070003; आईएफएस कोड- PSIB0008021
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list & https://www.Baanknet.com देखें
इस नोटिस को नियम 8(6) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत ऋणियों एवं जमानतदारों (एल/आर) को 30 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।
दिनांक : 13.11.2026 स्थान- इंदौर प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक/निर्माण शाखा/2026/3760 शाजापुर, दिनांकः– 12.11.2026

/ई–निविदा आमंत्रण–सूचना/

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क. एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में)	निविदा की अंतिम तिथी
1	2026_UAD_548766_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 01 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण कार्य	01. 90 दिन 02. 33.87 (लाख)	01. 5,000 02. 25,410	12.12.2026 05:30 PM
2	2026_UAD_548777_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 03 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण कार्य	02. 90 दिन 02. 33.78 (लाख)	01. 5,000.00 02. 25,340	12.12.2026 05:30 PM
3	2026_UAD_548782_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 04 में हाट मैदान के पीछे बी.टी. रोड निर्माण कार्य	03. 90 दिन 02. 8.48 (लाख)	01. 2,000.00 02. 8,480	12.12.2026 05:30 PM
4	2026_UAD_548813_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 09 में मीरकला बाजार से ताहिर भाई की दुकान से हनुमान मंदिर होते हुए गाडरी मोहल्ला से अशफाक खॉन के मकान तक सी सी रोड निर्माण कार्य	04. 90 दिन 02. 33.80 (लाख)	01. 5,000.00 02. 25,355	12.12.2026 05:30 PM
5	2026_UAD_548826_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 11 में गिरवर तालाब पर घाट निर्माण कार्य	05. 90 दिन 02. 18.96 (लाख)	01. 2,000.00 02. 14,220	12.12.2026 05:30 PM
6	2026_UAD_548835_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 14 में लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य	06. 90 दिन 02. 29.83 (लाख)	01. 5,000.00 02. 22,380	12.12.2026 05:30 PM
7	2026_UAD_548851_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 19 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण कार्य	07. 90 दिन 02. 22.12(लाख)	01. 5,000.00 02. 16,600	12.12.2026 05:30 PM
8	2026_UAD_548907_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 23 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण कार्य	08. 90 दिन 02. 27.52 (लाख)	01. 5,000.00 02. 20,650	12.12.2026 05:30 PM
9	2026_UAD_548910_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 26 में गजेन्द्र सिंह तोमर के मकान से पार्षद निवास होते हुए ज्योतिनगर मुख्य मार्ग तक एवं सुखदवे पटेरिया के मकान से शिव मंदिर तक	09. 90 दिन 02. 32.80 (लाख)	01. 5,000.00 02. 24,600	12.12.2026 05:30 PM
10	2026_UAD_548918_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 28 में राज राजेश्वरी मंदिर के पास की गलियों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य	10. 90 दिन 02. 22.33 (लाख)	01. 5,000.00 02. 16,750	12.12.2026 05:30 PM
11	2026_UAD_548933_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 28 में प्रा.वि. विघ्नेश्वर स्कूल के सामने से श्री बलराम राजपूत के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	11. 90 दिन 02. 22.69 (लाख)	01. 5,000.00 02. 17,020	12.12.2026 05:30 PM
12	2026_UAD_548937_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 29 में कृषि मंण्डी गेट से श्री समद के मकान तक एवं एम.जी. कान्वेन्ट स्कूल के पीछे श्री मनोज पुरोहित के मकान से तिवारी जी के मकान होते हुए नहर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य	12. 90 दिन 02. 33.90 (लाख)	01. 5,000.00 02. 25,500	12.12.2026 05:30 PM
13	2026_UAD_548949_1 12-11-2026	वार्ड क्र. 29 में शिक्षक कालोनी में श्री संजय जैन के मकान से लेकर जायसवाल जी के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	13. 90 दिन 02. 17.41 (लाख)	01. 2,000.00 02. 13,100	12.12.2026 05:30 PM

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
पं.संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
कौशल बंटी कसेरा, सभापति, लोकनिर्माण,उधान,विधुत एवं यांत्रिकी विभाग, नगर पालिका परिषद शाजापुर
भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोटः–निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

गेल गैस लिमिटेड
(गेल (इंडिया) लिमिटेड की पूर्णतः स्वामित अनुषंगी कम्पनी)

सीजीडी परियोजनाओं हेतु ठेकेदारों की नियुक्ति संबंधी सूचना

ऑन-द-स्पॉट वॉक-इन चयन प्रक्रिया

गेल गैस लिमिटेड निम्नलिखित भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्यों तथा पीई बिछाने के कार्यों के निष्पादन हेतु **ऑन-द-स्पॉट वॉक-इन चयन प्रक्रिया** में भाग लेने हेतु अनुभवी ठेकेदारों/एजेंसियों को आमंत्रित करता है :

भौगोलिक क्षेत्र (जीए)	कार्य का क्षेत्र
टीटीजैड	पीई बिछाने का कार्य
मेरठ	डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्य
देवास	डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्य एवं पीई बिछाने का कार्य
पुरी-गंजम-नयागढ़	डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्य एवं पीई बिछाने का कार्य
सुंदरगढ़-झारसुगुडा	डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्य एवं पीई बिछाने का कार्य
गिरीडीह-धनबाद	डीपीएनजी एलएमसी/जीआई कार्य

तिथि एवं समयः वॉक-इन चयन प्रक्रिया 16.11.2026 को 14:00 बजे प्रारंभ हो कर 17.11.2026 एवं 18.11.2026 को कार्य समय के दौरान जारी रहते हुए 18.11.2026 को कार्य समय की समाप्ति तक जारी रहेगी।

स्थानः कॉन्फ्रेंस रूम, तृतीय तल, गेल गैस लिमिटेड, गेल जुबली टावर, बी-35/36, सैक्टर-1, नौएडा-201301 (उ.प्र.)।

जमा करने की वैकल्पिक सुविधाः टीटीजैड, देवास, पुरी-गंजम-नयागढ़, सुंदरगढ़-झारसुगुडा एवं गिरीडीह-धनबाद जीए हेतु भाग लेने वाले वेंडर अपने विधिवत भरे हुए निविदा दस्तावेज अपेक्षित योग्यता दस्तावेजों सहित निविदा दस्तावेजों में दिए गए निर्दिष्ट पतों पर स्थित संबंधित स्थानीय कार्यालयों में जमा कर सकते हैं।

पात्रता एवं दस्तावेजः बोलीदाता को संबंधित कार्यादेश/अनुभव अथवा पूर्णता प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, पीएफ/ईएसआई पंजीकरण प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), तथा उपलब्ध श्रमशक्ति, मशीनरी एवं उपकरणों का विवरण जमा करना होगा। गैस, जल आपूर्ति, ड्रेनेज, दूरसंचार अथवा अन्य किसी उपयोगिता क्षेत्र में पीएनजी कनेक्शन/पाइपलाइन संबंधी कार्यों हेतु पिछले सात (07) वर्षों के दौरान आवंटित कम से कम एक कार्यादेश की प्रति अनुभव के प्रमाण के रूप में जमा करनी होगी।

प्रवेश हेतु आवश्यकताः परिसर में प्रवेश करने के लिए भाग लेने वाले वेंडरों के सभी अधिकृत प्रतिनिधियों के पास सरकार द्वारा जारी एक वैध फोटो पहचान कार्ड, जैसे आधार कार्ड हो।

चयन प्रक्रिया निर्धारित अंतिम तिथि से पहले समाप्त हो सकती है; इस समाप्ति के पश्चात कोई भी निविदा दस्तावेज विचारणीय नहीं होगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तेंः https://gailgas.com/eoi/expression-interest

संपर्क व्यक्तिः
- श्री अर्नब सामंता – 7055515333 | arnab.samanta@gail.co.in
- श्री संदीप शर्मा – 9599477955 | sandeep.sharma1@gail.co.in
- श्री सक्षम गुप्ता – 9988092246 | saksham.gupta@gail.co.in
- श्री अनिल कुमार – 7763807378 | anil.kumar1@gail.co.in

टिप्पणीः कोई भी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, स्पष्टीकरण या संशोधन केवल गेल गैस लिमिटेड की वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट हेतु नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

निगमित पहचान संख्या: U40200DL2008GOI178614

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)

NIT No. : R/IWD/2026/211 सागर, दिनांक : 13.11.2026

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.) द्वारा Providing Canteen Services at Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (M.P.) हेतु Online निविदा क्रमांक 211 केवल e-tendering के माध्यम से आमंत्रिण की जाती है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथी 28.11.2026 को सायं 4.00 बजे तक है। विस्तृत शर्तें एवं निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dhsgsu.edu.in & https://eprocure. gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कुलसचिव
डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय
सागर (मध्य प्रदेश)